आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

19.06.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ज्ञान, वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब विकसित भारत के मजबूत स्तंभ है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर शशांकासन का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो साझा किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं।
- मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम बाईस जून को शाम चार बजे चाथम जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ज्ञान, वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री मोदी ने बिहार के राजगीर में आज नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करने के बाद सुषमा स्वराज सभागार में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली को मजबूत कर महाशक्ति का स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सामने हमारी पहचान और परंपराओं का बड़ा उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का नया स्वरूप उभरते भारत की क्षमता और ताकत का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्राचीन परंपराओं के लोकाचार पर काम कर रही है इसलिए साथ मिलकर विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कडी में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को भी मजबूत बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उद्घाटन समारोह में इतने देशों को उपस्थित होना अपने आप में अभूतपूर्व है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब विकसित भारत के मजबूत स्तंभ है। कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त जारी करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण पर की है।

बाईट–पीएम–46 से0

पोर्ट ब्लेयर में केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपों के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। उपस्थिति का स्वागत करते हुए क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने संस्थान और कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से स्थानीय कृषकों के लाभ के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दसवें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर शशांकासन का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो साझा किया। योग दिवस इक्कीस जून को मनाया जाता है। वीडियो में आसन के स्वास्थ्य लाभों का वर्णन किया गया है और इसे करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताया गया है कि शशांकासन कब्ज, पीठ दर्द से राहत और तनाव तथा क्रोध को कम करने में मदद करता है। उच्च रक्तचाप और गठिया से पीड़ित रोगियों को इस आसन को करते समय सावधानी बरतने या इसे न करने की सलाह दी गयी है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकल सेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार शीघ्र निदान को बढ़ावा देने, उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने और रोगियों की देखभाल बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

ग्रेट निकोबार के ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए संबंधित कम्पनी द्वारा तेईस मई को सामाजिक प्रभाव आंकलन रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट का मसौदा प्रशासन के समाज कल्याण निदेशालय, कैम्पबेल–बे के सहायक आयुक्त कार्यालय और शास्त्रीनगर तथा गांधीनगर, कैम्पबेल–बे के प्रधान कार्यालय में लोगो की समीक्षा के लिए उपलब्ध है। समाज कल्याण निदेशालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में सभी संबंधित हितधारकों को छब्बीस जून शाम पांच बजे तक विभाग को लिखित रूप में अपनी टिप्पणी या आपत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया हैं। टिप्पणियां मेल के ज़रिए भी भेजी जा सकती है। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग इस संबंध में अट्ठाईस जून को दिन में ग्यारह बजे कैम्पबेल–बे के गांधी नगर सामुदायिक भवन और दोपहर तीन बजे शास्त्री नगर में जन–सुनवाई करेगा। जन–सुनवाई के इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों, स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों और मीडिया को भी आमंत्रित किया गया है। सभी संबंधित हितधारकों को जन–सुनवाई में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की आई सी डी एस शहरी परियोजना के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में मानदेय के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों के साथ प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों की चयनित सूची अट्टम पहाड़ स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों से चौबीस जून तक नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को कहा गया है। उम्मीदवारों को एक जुलाई से तीन जुलाई तक सी डी पी ओ के कार्यालय में मूल प्रमाणपत्र के साथ ड्यूटी रिपोर्ट करना होगा।

उधर, बाल विकास परियोजना अधिकारी की कार निकोबार आदिवासी परियोजना के लिए जिला मिशन समन्वयक, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लिंग विशेषज्ञ, लेखा सहायक और

एम टी एस के विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन और साक्षात्कार लिया जाएगा। ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। और जानकारियां प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सत्ताईस जून तक आवेदन करना होगा। पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार की तिथि और समय के बारे में उनके आवेदन में अंकित पते पर फोन या मेल के जरिए दे दी जाएगी।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम बाईस जून को शाम चार बजे चाथम जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा। संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने के बाद जलयान पोर्ट ब्लेयर के लिए रवाना हो जाएगा। जलयान मे माल चढ़ाने का कार्य कल से आरंभ होगा।

<><><><><><><>